थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहारों एवं प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एवं परिवहन की रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में दिनांक 18.03.2024 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रविकान्त गौंड, क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई संयुक्त पुलिस टीम ने अभियान के तहत सफलता प्राप्त की है।

उ0नि0 विनोद कुमार मय हमराह कर्मियों के नेतृत्व में गठित हुई प्रथम पुलिस टीम ने चेकिंग/क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः1. शिवराम गुप्ता पुत्र गनेशी लाल उम्र 58 वर्ष 2. रामपाल पुत्र जगमोहन राजपूत उम्र 55 वर्ष निवासीगण ग्राम भटेवरा कला थाना चरखारी जनपद महोबा को दो प्लास्टिक की बोरी में 44 क्वार्टर बरामद झूम देशी ठेका शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 54/24,55/24 अन्तर्गत धारा 60 Ex ACT पंजीकृत किया गया।

उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराम कर्मियो के नेतृत्व में गठित हुई द्वितीय पुलिस टीम ने चेकिंग/क्षेत्र भ्रमण के दौरान 01 नफर अभियुक्ता ओमवती पत्नी मंगल कबूतरा नि0कबूतरा डेरा सूपा थाना चरखारी जनपद महोबा को 02 पिपिया में क्रमश: 05-05 लीटर देशी शराब कुल 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 56/24 अन्तर्गत धारा 60 Ex ACT पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम

1.उ0नि0 विनोद कुमार सिंह 2.हे.का.राजकुमार सिंह 3.हे.का.देवीशरण 4.का.मो.कामिल 5.का.पवन कुमार 6. का.कुलदीप सिंह (द्वितीय टीम) 1.उ.नि.राजेश कुमार 2. हे.का.सन्दीप कुमार 3. म.का. शिवानी साहू

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. शिवराम गुप्ता पुत्र गनेशी लाल उम्र 58 वर्ष
2. रामपाल पुत्र जगमोहन राजपूत उम्र 55 वर्ष निवासीगण ग्राम भटेवरा कला थाना चरखारी जनपद महोबा

बरामदगी-

दो प्लास्टिक की बोरी में 44 क्वार्टर देशी ठेका शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद*

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-

ओमवती पत्नी मंगल कबूतरा नि0कबूतरा डेरा सूपा थाना चरखारी महोबा

बरामदगी-

02 पिपिया में 10 लीटर देशी शराब

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 19.03.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जनपद कानपुर में मेट्रो के निर्माण के दृष्टिगत जनपद महोबा से कानपुर/लखनऊ की ओर जाने वाले भारी वाहनों के डायवर्जन किये जाने के सम्बन्ध में जनपद के क्रशर व्यवसायी, ट्रक एसोशिएशन के पदाधिकारियों के साथ आयोजित की गई गोष्ठी -

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री सत्यम की अध्यक्षता में आज दिनांक 19.03.2024 को पुलिस लाइन अवस्थित सभागार महोबा में लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जनपद कानपुर में मेट्रो के निर्माण के दृष्टिगत उच्चाधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद महोबा से जनपद कानपुर/लखनऊ की ओर जाने वाले भारी वाहनों को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे की ओर डायवर्जन किये जाने के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के दौरान जनपद के प्रमुख क्रशर व्यवसायी एवं ट्रक एसोशिएशन के पदाधिकारियों के साथ कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग में चल रहे निर्माण कार्यों के दृष्टिगत राजमार्ग में भारी वाहनों के जनपद महोबा से कानपुर/लखनऊ जाने के लिये डायवर्जन के सम्बन्ध में विभिन्न डायवर्जन प्वाइंट्स पर विस्तृत चर्चा करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया।

गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड, ए.आर.टी.ओ. महोबा श्री सुनील दत्त यादव, खनन अधिकारी महोबा, थाना प्रभारी कोतवाली नगर/कबरई/खन्ना/श्रीनगर/चरखारी सहित जनपद के प्रमुख क्रशर व्यवसायी, ट्रक एसोशिएशन के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 19.03.2024
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा
उत्तर प्रदेश पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थाना कुलपहाड़ में आगामी त्यौहार होली, रमजान आदि व लोकसभा निर्वाचन-24 के दृष्टिगत की गयी पीस कमेटी मीटिंग-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 19.03.2024 को जनपद के थाना कुलपहाड़ एवं चौकी बेलाताल में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री भास्कर मिश्र द्वारा आगामी त्यौहार होली, रमजान आदि व लोकसभा निर्वाचन-24 के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भड़काऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, जनपदीय पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। उक्त पीस कमेटी मीटिंग में जनपद के पुलिस/प्रशासन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।